राजस्थान लोक सेवा आयोग

एफ. 7(01) भर्ती 'क'/S.O./2021–22 दिनांक : 21.06.2022

प्रेस–विज्ञप्ति

सांख्यिकी अधिकारी, आयोजना विभाग (आर्थिक एवं सांख्यिकी) के पदों की सीधी भर्ती 2021 हेतु दिनांक 01.06.2022 को जारी विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच काउन्सलिंग के माध्यम से आयोग कार्यालय में दिनांक 29.06.2022 एवं 30.06.2022 (प्रातः एवं सांय सत्र) को संपादित की जावेगी। विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईटwww.rpsc.rajasthan.gov.in से विस्तृत आवेदन पत्र, काउन्सलिंग लैटर, निर्धारित प्रपत्र एवं आवश्यक दिशा–निर्देश डाउनलोड कर आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) की समस्त प्रविष्टियां पूर्ण कर सम्बन्धित शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, जाति, मूल–निवास एवं अन्य दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां (एक प्रति में) संलग्न कर मूल दस्तावेजों सहित निर्धारित कार्यक्रमानुसार आयोग कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें। काउन्सलिंग हेतु अभ्यर्थियों को पृथक से कोई बुलावा पत्र जारी नहीं किये जायेंगे :–

क.सं.	दिनांक एवं वार	रोल नम्बर (प्रातः व अपरान्ह)
01	29.06.2022, बुधवार	100006 से 106095
02	30.06.2022, गुरूवार	106119 से 112103

काउन्सलिंग में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा कोरोना (Covid-19) महामारी के संबंध में जारी गाईडलाईन की पूर्णतः पालना करें। काउन्सलिंग हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा कोई यात्रा/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

(हरजी लाल अटल)
सचिव